हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, शुक्रवार 6 फरवरी 2026

11 तहसीलदार व नायब तहसीलदार हड़ताल पर



12 स्टेट इंस्टीट्यूट में स्थापित होगा स्वचालित मौसम केंद्र



### आरटीआई कार्यकर्ता ने सीएम को शिकायत भेज जांच की मांग की

# 2 करोड़ के घोटाले में घिरी थीं 27 फर्म, जांच केवल 5 तक सिमटी

■ आरोप : कर्मचारियों को डीसी रेट 14037 रुपये की बजाय 8100 रुपये तक ही दिए, ईपीएफ और ईएसआई की राशि भी जमा नहीं की

रवींद्र राठी ▶▶| बहादुरगढ़

दो करोड़ के भ्रष्टाचार का खुलासा होने के बावजूद आरोपी प्रशासन की गिरफ्त से दूर हैं। झज्जर के जनस्वास्थ्य विभाग अभियांत्रिकी मंडल नंबर-1 में हुए घोटाले की जांच की आंच सभी आरोपियों तक नहीं पहुंच पाई है। डेढ़ साल पहले आरटीआई कार्यकर्ता राकेश कुमार ने भंडाफोड़ करते हुए सीएम विंडो पर शिकायत की थी। जांच में बड़े आरोपियों को नजरअंदाज किया गया। इसकी शिकायत फिर से मुख्यमंत्री से करते हुए निष्पक्ष व सख्त कार्रवाई की मांग की गई है।

बता दें कि छारा निवासी राकेश कुमार ने पहले आरटीआई के माध्यम से इस पूरे प्रकरण के साक्ष्य एकत्र किए। फिर 10 जुलाई 2024 को उन्होंने जन स्वास्थ्य अभियात्रिकी मंडल-1 में कार्यरत फर्मों द्वारा कच्चे कर्मचारियों के शोषण, न्यूनतम वेतन, ईपीएफ-ईएसआई का भुगतान न करने और बड़े स्तर पर वित्तीय गबन की शिकायत सीएम विंडो पर दर्ज करवाई। इसे जांच के लिए श्रम विभाग झज्जर को भेजा गया। श्रम विभाग द्वारा 8 महीने में कोई उल्लेखनीय कार्रवाई नहीं की गई। फिर 3 दिसंबर 2025 को निरीक्षण किया गया। शिकायतकर्ता को भी 5 दिसंबर को श्रम विभाग के कार्यालय बुलाया गया। वहां उन्हें पता चला कि केवल 5 फर्मों की ही जांच की गई, जबकि मंडल में कुल 27 फर्में कार्यरत थीं। शेष फर्मों की जांच किए बिना ही शिकायत को कार्यालय रिकॉर्ड में दाखिल कर दिया गया। हालांकि 5 फर्मों के खिलाफ चालान बनाने के साथ ही एफआईआर दर्ज करने की सिफारिश की गई है।




11 जुलाई 2024 को प्रकाशित समाचार।

### 7 करोड़ के वेतन का किया था भुगतान

आरटीआई एक्टीविस्ट राकेश कुमार ने बताया कि वर्ष 2019 से 2023 तक विभाग द्वारा कच्चे कर्मचारियों के वेतन के लिए 7 करोड़ 3 लाख 58 हजार 327 रुपये का भुगतान ओएंडएम के माध्मय से किया गया। जॉब वर्क के नाम पर 89 लाख 7 हजार 204 रुपये की पेमेंट की गई। साथ ही 18 टेंडर भी लगाए गए थे, जिनकी राशि का खुलासा विभाग द्वारा नहीं किया गया है। आरोप है कि कर्मचारियों को डीसी रेट 14,037 रुपये के बजाय केवल 8,100 रुपये तक ही दिए गए। ईपीएफ और ईएसआई की राशि भी जमा नहीं की गई। इससे प्रत्येक वर्ष लगभग 50 लाख रुपये के गबन का आरोप लगाया गया है। ऐसे में करीब 2 करोड़ के इस घोटाले की गहनता से जांच होनी चाहिए थी। अब देखना होगा कि मुख्यमंत्री कार्यालय निष्पक्ष जांच करवाता है या नहीं।



आरटीआई कार्यकर्ता राकेश कुमार।

### श्रम विभाग को उपलब्ध करवाएंगे रिकॉर्ड

मुझे इस मामले में ज्यादा नहीं पता। संबंधित एक्सईएन ही अधिक जानकारी दे पाएंगे। श्रम विभाग द्वारा जो भी रिकॉर्ड मांगा जाएगा, उन्हें उपलब्ध करवाया जाएगा। कर्मचारियों का ईपीएफ व ईएसआई जमा नहीं करवाने वाले एजेंसियों पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।
- **अमित श्योकंद**, एसई, जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग

ईपीएफ व ईएसआई की जांच मैं नहीं करता। जो जांच मैंने की है, उसकी कॉपी दे दी है। अधिक जानकारी कार्यालय में आकर पता करें।
- **राजेंद्र हुड्डा**, सहायक श्रम आयुक्त, श्रम विभाग

## बंदर पकड़ने झज्जर पहुंची स्पेशल टीम

**झज्जर**। पिछले लंबे समय से बंदर के उत्पात से परेशान वार्ड नंबर 19 के लोगों के लिए राहत की खबर है। बंदर को पकड़ने के लिए स्पेशल टीम वीरवार देर सायं झज्जर पहुंची और नप अधिकारियों से बातचीत की। वार्ड पार्षद भागवंती देवी ने बताया कि नप ईओ ने फोन पर बताया है कि टीम पहुंच चुकी है और शुक्रवार से काम शुरू कर दिया जाएगा। बाद में उन्होंने संबंधित ठेकेदार के कर्मियों से बात भी करवाई है। उन्होंने बताया कि उनके वार्ड के तीन ग्रुप बनाए हुए हैं, जिसमें उन्होंने सूचना दे दी है और बंदर पकड़ने वाली टीम सदस्य का मोबाइल नंबर 9996540684 भी बताया है। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि बंदर दिखाई देते ही इस नंबर पर संपर्क करें। बता दें कि शहर भर में बंदरों के उत्पात से लोग काफी परेशान हैं, लेकिन वार्ड नंबर 19 में एक ही बंदर ने एक माह में करीब 30 लोगों को अपना निशाना बनाया है। जिसके कारण लोग दहशत में है। खास बात यह भी है कि यह बंदर सिर्फ मुंह पर ही वार करता है।

## पशु प्रदर्शनी में आज कुरुक्षेत्र जाएंगी 7 बसें

■ 1500 उन्नत नस्ल के पशु भाग लेंगे, सर्वश्रेष्ठ पशुओं के पालकों को मिलेगा इनाम

**झज्जर**। छह से आठ फरवरी तक कुरुक्षेत्र में मेला ग्राउंड में होने वाली तीन दिवसीय 41वीं राज्य स्तरीय पशुधन प्रदर्शनी में पशुपालकों को आधुनिक पशुपालन तकनीकों से रूबरू होने का मौका मिलेगा। पशुपालन एवं डेयरिंग विभाग के उपनिदेशक डॉक्टर मनीष डबास ने बताया कि प्रदर्शनी में प्रदेशभर से लगभग 1500 उन्नत नस्ल के पशु भाग लेंगे। चयनित सर्वश्रेष्ठ पशुओं के पालकों को नकद पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। पशुपालन विभाग द्वारा जिले के पशुपालकों को प्रदर्शनी स्थल तक ले जाने और वापिस लाने के लिए प्रतिदिन सात बसों की विशेष व्यवस्था की गई है। उन्होंने जिले के पशुपालकों से प्रदर्शनी में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया।

CAMBRIDGE 38
INTERNATIONAL SR. SEC. SCHOOL
BIRAR (SALHAWAS-MATANHAIL ROAD) JHAJJAR
(A Co-educational English Medium Sr. Sec. School) Affiliated to CBSE (Aff No 530435)
HARYANA'S LEADING GROUP IN EDUCATION SINCE 1988
WE ARE HIRING!
TEACHING STAFF
• Pre-Primary- Mother Teacher/NTT
• PRT - All Subjects
• TGT - All Subjects
• PGT - All Subjects
• Art & Craft Teacher
• Dance & Music Teacher
NON TEACHING STAFF
• Receptionist
• Librarian
• D.P.E.
• Accountant
• Admission Counselor
Salary : No Bar For Deserving Candidates
Walk-in-Interview (on Sunday) 8th Feb 2026 from 10:00 AM onwards
VENUE : SCHOOL CAMPUS BIRAR
Experienced & Eligible Candidates (As per CBSE Norms) can join Walk-in-Interview & mail your resume with latest Photograph on our Email Id given below before 8th February, 2026 & only short listed candidates will be called for Interview. Email : cambridge.birar@gmail.com

ADMISSIONS Open 2026-27
Play/Nursery Classes to XII (All Streams)
Special Coaching for IIT JEE | NEET | CLAT | CA FOUNDATION | NDA| SAINIK SCHOOL
NO ADMISSION CHARGES
NO ANNUAL CHARGES
Our Branches:-
Sector 10, Gurugram
Sector 15, Gurugram
Nainital, Uttarakhand
Hailymandi, Gurugram
Kosli, Rewari
FOLLOW US
LIMITED - TIME ADMISSION OFFERS
First 100 Admissions till 15 April
100% Enrolment Fee Waiver
Next 50 Admissions 70% Waiver
Next 50 Admissions 50% Waiver
ROBOTICS CLASSES
Personality Development Classes
English Empowerment Sessions
HOSTEL FACILITY
TRANSPORT FACILITY
COACHING FACILITY
For more details Please Contact:-
Contact no. 7065556350, 7065556061

L.A. SR. SEC. SCHOOL
DISCIPLINE • KNOWLEDGE • PATRIOTISM
CBSE AFFILIATED (No. 530694) Pre-Nursery to XII (Science, Commerce & Humanities)
31 Years of Academic Excellence
ADMISSIONS OPEN
SESSION 2026-27
Nursery to Senior Secondary (XII)
Science | Commerce | Humanities

OUR CURRENT ACHIEVEMENTS
Kartik Selected as Lieutenant
Kirti Kadian Selected as Lieutenant (MNS)
Rupesh Selected in MBBS
Manit Selected in MBBS
Yashwardhan - Ranji Trophy Participant
SCHOLARSHIP OPPORTUNITY
SCHOLARSHIPS WORTH up to ₹45 Lakh
Scholarship Test for Classes I – XI 2026
Test Dates 8 & 22 FEBRUARY
Test Dates 1 & 15 MARCH 2026
10:15 AM – 12:00 PM | Venue: School Campus
FEE CONCESSIONS
Merit-Based Fee Waiver
90% & above 100% Waiver
80% & above 75% Waiver
70% & above 50% Waiver
Special Support Categories
Girl Child - Up to 80% Waiver
Single-Parent Child 70% Waiver
Farmer Families 50% Waiver
Govt. Employees 50% Waiver
NO ADMISSION CHARGES
NO ANNUAL CHARGES
(for the classes Ist & IInd)

FREE BOOKSET For Classes Nur., LKG, UKG
LIMITED - TIME ADMISSION OFFERS
First 100 Admissions till 15 April
100% Enrolment Fee Waiver
Next 50 Admissions 70% Waiver
Next 50 Admissions 50% Waiver
STAFF REQUIRED
PGT: Physics, Chemistry, Mathematics, Biology, Economics, Music, Accountancy, Business Studies, English, Geography, Pol. Science
TGT: English, Social Science, Science, Mathematics, Hindi, Sanskrit, Computer, Reasoning, Drawing
PRT: English, Social Science, Science, Mathematics, Hindi, Sanskrit, Computer, Reasoning, Drawing
NTT: Mother Teacher (Foundation Stage Class Nursery to II)
PTI: Male & Female
Salary : No Bar For Deserving Candidates
Walk-in-Interview (on Sunday) 8th Feb., 2026 from 10:00 AM onwards
Experienced & Eligible Candidates (As per CBSE Norms) can join Walk-in-Interview & mail your resume with latest Photograph on our Email Id given below before 5th February, 2026 & Only Short listed candidates will be called for Interview (Email : lasss.jjr@gmail.com)
Please contact us for more info
01251-254167/68
8816864449, 8222992244/45
Sector-9, Delhi Road, Jhajjar (Haryana)-124103
Visit at : www.lajhajjar.com | Email at : lasss.jjr@gmail.com
To know more about us Like us on Facebook
YouTube @LASSSJJR

सेलिब्रेशन/ शिखर चंद जैन

# ये अनोखे फेस्टिवल्स यहां बच्चे करते हैं फुल मस्ती-धमाल

फेस्टिवल कोई भी हो, उसे सबसे अधिक एंज्वॉय बच्चे ही करते हैं। हम तुम्हें दुनिया भर में मनाए जाने वाले कुछ ऐसे फेस्टिवल्स के बारे में बता रहे हैं, जो कई मामलों में बहुत अनोखे हैं, यहां तुम खूब जम कर मस्ती कर सकते हो।



## जस्ट सो फेस्टिवल, चेशायर इंग्लैंड

**यह फेस्टिवल** किसी जादुई जंगल में आ जाने जैसा है। यहां बच्चे और उनके माता-पिता भालू, लोमड़ी और शेर के गेटअप में जंगलों में कैंपिंग करते हैं। इस उत्सव का मुख्य आकर्षण 'कहानियों का जंगल' यानी एक काल्पनिक दुनिया



है। यहां बच्चों और उनके माता- पिता को संगीत, कला और साहित्य के माध्यम से अलग-अलग किरदारों को जीने का मौका मिलता है। ट्राइबल टूर्नामेंट यहां की सबसे प्रसिद्ध परंपरा है। इसमें भाग लेने वाले लोग लोमड़ी, मेंढक, उल्लू या मछली जैसे विभिन्न 'कबीलों' में बंट जाते हैं। इस फेस्टिवल में पूरे वीकेंड तरह-तरह की प्रतियोगिताएं होती हैं। यहां रात के समय कहानी सुनना, जंगलों के बीच कलाकृतियां बनाना, लाइव म्यूजिक, डांस और थिएटर जैसी एक्टिविटीज शामिल हैं। यह फेस्टिवल इंग्लैंड के चेशायर में सुंदर उद्यानों और जंगलों में आयोजित किया जाता है, जो इसे एक परिकथा जैसा माहौल देता है। इस साल यह उत्सव 21 से 23 अगस्त तक आयोजित किया जाएगा। *

## कैंप बेस्टिवल, डोरसेट यूके

**बच्चों के** लिए खास आकर्षण कैंप बेस्टिवल को विशेष रूप से 'फैमिली फ्रेंडली' फेस्टिवल माना जाता है। इस साल इसे 'सीसाइड' (समुद्र के पास) थीम के साथ मनाया जाएगा। इस बार के फेस्टिवल में बच्चों के चहेते मिस्टर टम्बल, ब्लिपी और मिस्टर मेकर लाइव शो करेंगे। साथ ही 'हॉरिबल हिस्ट्रीज' की टीम इतिहास को मजेदार अंदाज में पेश करेगी। यहां म्यूजिक के अलावा 100 से अधिक एक्टिविटीज होंगी, जिनमें सर्कस वर्कशॉप, साइंस शो, आर्ट्स एंड क्राफ्ट्स और एडवेंचर स्पोर्ट्स शामिल हैं। यहां आए लोग अपनी फैमिली के साथ टेंट या लग्जरी कैंप्स में ठहर सकते हैं। यह चार दिवसीय रंगारंग कार्यक्रम इस साल 30 जुलाई से 2 अगस्त 2026 तक यूके के डोरसेट में ऐतिहासिक लुलवर्थ कैसल मैदानों में आयोजित किया जाएगा। *

## इंटरनेशनल चिल्ड्रेंस फेस्टिवल ऑफ द आर्ट्स, सेंट अल्बर्ट कनाडा

**यह कनाडा** के अल्बर्टा प्रांत के सेंट अल्बर्ट शहर में आयोजित होने वाला एक प्रतिष्ठित वार्षिक उत्सव है। इसका मुख्य उद्देश्य बच्चों को विश्व स्तरीय कला, संगीत, थिएटर और नृत्य से रूबरू कराना है। यह मेला केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका लक्ष्य बच्चों की कल्पनाशीलता को जगाना और उन्हें सांस्कृतिक



विविधता के प्रति जागरूक करना है। यह उत्सव बच्चों के लिए किसी जादुई दुनिया से कम नहीं होता। इसमें दुनिया भर से आए कलाकार एक्रोबेटिक्स, कठपुतली शो, थिएटर और मैजिक शो पेश करते हैं। यहां बच्चे भी केवल दर्शक नहीं होते, बल्कि वे खुद कलाकार बनते हैं। मिट्टी के बर्तन बनाना, पेंटिंग, ड्रम बजाना और नृत्य जैसी कई इंटरैक्टिव वर्कशॉप आयोजित की जाती हैं। यहां की स्टर्जन नदी के किनारे खुले मैदानों में चेहरे पर पेंटिंग, गुब्बारे की कला और सड़क किनारे होने वाले करतब बच्चों का मन मोह लेते हैं। यह उत्सव कनाडा की बहुसांस्कृतिक पहचान को दर्शाता है। इसमें स्वदेशी कलाकारों के प्रदर्शन और कहानियों को विशेष स्थान दिया जाता है, जिससे बच्चे अपनी जड़ों और अन्य संस्कृतियों को समझ सकें। यह उत्सव इस साल 29 मई से 1 जून तक आयोजित किया जाएगा। *

## सांता क्रूज डी टेनेरिफ, कैनरी द्वीप स्पेन

**स्पेन के** इस द्वीप पर कार्निवल के दौरान बच्चों की अपनी अलग प्रतियोगिताएं होती हैं। छोटे बच्चों की अपनी 'क्वीन' चुनी जाती है, जो भारी और बेहद सुंदर गाउन पहनती है। यहां की 'मर्गस' नाम की संगीत मंडलियां बच्चों के लिए मजाकिया गाने गाती हैं। बच्चों के लिए खूब मौज-मस्ती भरा होता है यह फेस्टिवल। *



## गोवा कार्निवल, गोवा भारत

**बच्चो, अपने** देश में भी कई रंग-बिरंगे और ज्वॉयफुल फेस्टिवल्स मनाए जाते हैं। गोवा कार्निवल भी किसी विदेशी फेस्टिवल से कम नहीं है। यहां हर साल एक स्थानीय व्यक्ति को 'किंग मोमो' चुना जाता है। किंग मोमो को कार्निवल्स का राजा माना जाता है। किंग मोमो के आदेश पर ही गोवा कार्निवल की शुरुआत होती है। इस मेले में सड़कों पर झांकियां निकलती हैं। बच्चे चमकीले कपड़े पहनकर सड़कों पर गिटार और ड्रम बजाते हैं। यह त्योहार हमें सिखाता है कि खुश रहना ही सबसे बड़ा उत्सव है। इस वर्ष गोवा कार्निवल 13 से 17 फरवरी तक आयोजित किया जाएगा। *



अनोखा जंतु / अंजू जैन

बच्चो, प्रकृति में अनोखी शारीरिक विशेषताओं से युक्त अनेक जीव-जंतु, कीट-पतंगे पाए जाते हैं। ऐसा ही एक जंतु है ओलियंडर हॉक। इसकी कई प्रजातियां पाई जाती हैं। इसकी कौन-सी विशेषताएं हैं, यह कहां-कहां पाया जाता है, जानो।

# छिपने में माहिर सुंदर-आकर्षक ओलियंडर हॉक



**ब**च्चो, दिखने में बहुत ही सुंदर और अद्भुत शारीरिक क्षमता वाला पतंगा है ओलियंडर हॉक। यह शिकारियों से छिपने की कला में बहुत माहिर होता है। इसका वैज्ञानिक नाम 'डैफनीस नेरी' है। इसे 'आक का पतंगा' भी कहा जाता है, क्योंकि इसके कैटरपिलर (लार्वा) आमतौर पर आक के पौधों पर पाए जाते हैं। इसे 'हॉक-मॉथ' या 'स्फिंक्स मॉथ' के नाम से भी जाना जाता है। इसकी लगभग 1,450 प्रजातियां पाई जाती हैं।

**शारीरिक रंग-रूपः** ओलियंडर हॉक के पंखों का फैलाव लगभग 9 सेंटीमीटर से 13 सेंटीमीटर तक होता है। हालांकि इसके रंग अलग-अलग होते हैं, लेकिन इसके पंख आमतौर पर हरे और जैतून के रंग के पैटर्न से बने होते हैं। इससे इसका रंग-रूप सैनिकों की वर्दी जैसा दिखता है। इसीलिए इसे 'आर्मी ग्रीन मॉथ' के नाम से भी जाना जाता है। इसके प्रत्येक पंख पर भूरे और सफेद रंग की धारियों वाली आंखों जैसी संरचना होती है। यह पतंगा अपनी रंग-बिरंगी खूबसूरत कैमोफ्लॉज डिजाइन के लिए जाना जाता है। इसके पंखों पर हरे, गुलाबी और सफेद पैटर्न बने होते हैं, जो इसे पत्तों के बीच छिपने में मदद करते हैं।



**ओलियंडर हॉक के कैटरपिलरः** आमतौर पर ओलियंडर हॉक के कैटरपिलर लाल-भूरे और काले रंग के होते हैं, जिसके पूरे शरीर पर सफेद धब्बे होते हैं। ये पुदीने जैसे हरे, लाइम ग्रीन या नीले रंग के भी होते हैं। लार्वा के शरीर पर बड़े-बड़े आंख जैसे धब्बे होते हैं, जो शिकारियों को डराने के लिए आकार में बढ़ते हैं। इसके शरीर के पिछले हिस्से पर एक मांसल सींग भी होती है, जो पीले या काले रंग की होती है। ओलियंडर हॉक में उड़ने और तेजी से मंडराने की अच्छी क्षमता होती है। एक वयस्क ओलियंडर हॉक-मॉथ का जीवनकाल लगभग 10-30 दिनों का होता है। वयस्क होने से पहले यह अंडे, लार्वा, प्यूपा जैसे विभिन्न चरणों से गुजरता है।

**कहां-कहां पाया जाता हैः** ओलियंडर हॉक उत्तरी अफ्रीका, एशिया और यूरोप के कई हिस्सों में मूल रूप से पाए जाते हैं। यह एक प्रवासी प्रजाति है, इसलिए यह अपने मूल क्षेत्र के बाहर भी पाया जा सकता है। यह गर्म इलाकों में रहना पसंद करता है। ये ज्यादातर समय पहाड़ियों और झाड़ियों पर बिताते हैं। ये शाम ढलने के बाद सबसे ज्यादा सक्रिय होते हैं। ये आमतौर पर मानव बस्तियों के पास रहने पर प्रकाश स्रोत की ओर आकर्षित होते हैं।

**क्या है भोजनः** ओलियंडर के कैटरपिलर आक के पत्तों को खाते हैं। वयस्क ओलियंडर हॉक विभिन्न फूलों के रस से अपना भोजन प्राप्त करते हैं। यह रस पीने के लिए हमिंगबर्ड की तरह फूलों के ऊपर मंडराते रहते हैं। चमेली, विंका, पेटुनिया और हनीसकल (मधुमालती) जैसे फूलों को ये विशेष रूप से पसंद करते हैं। *

बालगीत / सिराज अहमद

## चाचू तफरीबाज

अपने चाचू हैं
मजाकिया थोड़े तफरीबाज
नाटक करते ऐसा
कि तुम उनको समझ न पाओ
झूठमूठ गुस्साते
फिरते, उलझन में पड़ जाओ
फिर रुंसते तो
दादी बोले आ जाओ तुम बाज
कभी रात में
बनकर काला भूत डराते हमको
कभी-कभी
आंगन में यूं ही बस दौड़ाते हमको
कभी निकाले
मुंह से बंदर-बिल्ली की आवाज


छुपम-छुपाई
खेले बनकर, हम जैसे ही बच्चे
हम कहते हैं
चाचू अपने, जग में सबसे अच्छे
उनको हमसे
प्यार बहुत है, हमको उन पर नाज



## बूझो तो जानें



1 तरल रूप में पाया जाऊं,
जीवन का पर्याय कहाऊं।
ठोस रूप में मैं ले सकता,
गर्म करो तो मैं उड़ जाऊं।



2 लता में लगने वाला पत्ता,
शौक से खाया जाता।
कत्थे-चूने की परतों से,
खूब सजाया जाता।

3 चपर-चपर चरती है चारा,
मैं-मैं कर मिमियाए।
दूध बड़ा गुणकारी देती,
बोलो क्या कहलाए?

- वसीम अहमद नगरामी

उत्तर: 1. पानी, 2. पान, 3. बकरी



## जीके क्विज-191

1. देश की वर्तमान वित्त मंत्री कौन हैं?
2. पुरुष हॉकी इंडिया लीग 2026 का खिताब किसने जीता है?
3. 'दिल्ली चलो' का नारा किसने दिया था?
4. 500 सिंगल्स मुकाबले जीतने वाली पहली भारतीय शटलर कौन बन गई हैं?
5. रात में दिखाई पड़ने वाला सबसे चमकीला तारा कौन-सा है?
6. पृथ्वीराज चौहान कहां के शासक थे?
7. स्वतंत्र भारत के पहले वित्त मंत्री कौन थे?
8. 'आनंदमठ' नामक पुस्तक के लेखक कौन हैं?
9. सफेद सोना (व्हाइट गोल्ड) किसे कहा जाता है?
10. हीराकुंड बांध किस राज्य में स्थित है?



बच्चों, जीके क्विज-191 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-190 का उत्तर :** 1.साइना नेहवाल, 2.आर्यन वार्ष्णेय, 3.राजनाथ सिंह, 4.शाहजहां, 5.शुभांशु शुक्ला, 6.पद्म विभूषण, 7.टोकोफेरॉल, 8.विटामिन डी, 9.वृहस्पति, 10.बछेंद्री पाल

**जीके क्विज-190 का सही उत्तर देने वाले :** कबीर-हिसार, रमेश-बैकुंठपुर, दारा-महासमुंद, ऊर्जस्वी-सारंगढ़ बिलाईगढ़, श्रेया-दामोह, शुभम-बलौदा बाजार, गुंजा-रायपुर, अंकित-दुर्ग, सारिका-रायपुर, नेहा-भोपाल, ज्योति-बैकुंठपुर

घर में आदमी, गाय, कुत्ते ने साथ-साथ कैसे रहना शुरू किया, इसके पीछे बड़ी रोचक कहानी है। बच्चो, तुम भी इसको जानो।

# कहानी घर, पेड़ और गाय की



कहानी
समीर गांगुली



**ए**क घर, एक पेड़ और एक गाय तीनों अड़ोसी-पड़ोसी थे। पेड़ को रात में चलने की बीमारी थी। घर में कोई मनुष्य नहीं रहता था। वह जब-तब आवाज देकर लोगों को अपने यहां रहने के लिए बुलाया करता था। जब कोई आ जाता तो घर तरह-तरह की करतूतों से उसे डराता और रात-बेरात भगा देता था। गाय को गाने का बड़ा शौक था, वह सारा दिन अपनी धुन में गाती रहती थी। लेकिन बड़ा बेसुरा गाती थी, सो कोई उसके पास नहीं फटकता था।

बस थोड़ी दूर एक कुत्ता भी रहता था, जो दूर से ही इन तीनों की हरकतों को देखता रहता था। एक दिन खूब जोर से बारिश आई, पेड़ नाचने लगा। गाय डर कर चुप हो गई और घर ने आवाज देकर बारिश में भीगते कुत्ते को बुलाया। कुत्ता भीगता-भीगता घर के अंदर पहुंचा। घर के बीचोंबीच एक दरी बिछी थी। कुत्ता जाकर उस पर बैठ गया। उसे वहां बैठ कर बड़ा अच्छा लगा। खिड़की से नाचते पेड़ को देखा तो पेड़ ने उसे बाहर आकर नाचने का न्योता दिया। वह बाहर गया तो नहीं, मगर पेड़ का नाच उसे पसंद आया। इसके बाद गाय पर नजर पड़ी तो डरी गाय को देखकर उसकी मदद करने का मन हुआ। उसने गाय की तरफ देखकर एक लंबी सी आवाज निकाली, जिसे गाय ने कुत्ते का गाना समझा और वह भी उछल कर जोर-जोर से गाने लगी। वही बेसुरा गाना और गाते-नाचते घर के दरवाजे तक आ गई।

घर धूल-मिट्टी और कबाड़ से भरा था। कुत्ते ने झाड़ियों का एक झाड़ू बनाया और घर को साफ कर दिया। इससे घर खुश हुआ, वह बोला, 'आज से हम सब दोस्त। अब हमारे सुख-दुख साझा हैं।'

कुत्ता खुश हो गया। उसे बहुत दिनों बाद किसी से बात करने का मौका मिल रहा था। वह तुरंत बोला, 'ठीक है, हमारे सुख-दुख हैं क्या?'

गाय ने सिर हिलाकर कहा, 'मुझे तो पता नहीं।'

घर हंसा और बोला, 'चलो किसी आदमी को बुलाते हैं। वही हमें सुख और दुख दोनों देगा।' और फिर वे आदमी का इंतजार करने लगे। एक दिन आदमी आया और उसने घर से पूछा, 'क्या मैं यहां थोड़ी देर विश्राम कर सकता हूं? बस आज रात?'

कुत्ते ने आदमी का एक चक्कर लगाकर पूछा, 'मगर तुम्हारी गठरी में क्या है?'

आदमी बोला, 'सुख और दुख।'

यह सुनकर घर, कुत्ता और गाय एक साथ बोले, 'हां-हां, क्यों नहीं! चाहो तो हमेशा के लिए रह जाओ।' तब से आदमी, घर, कुत्ता और गाय साथ-साथ रहते हैं। सुख-दुख मिल कर सहते हैं। *



कहानी
मोहम्मद अरशद खान


एक दिन मम्मी की तबीयत बिगड़ी तो दिल्लू ने दादी की मदद से उनके लिए दलिया बनाई। अपने लिए पिज्जा ऑर्डर कर दिया। लेकिन इस ऑर्डर को उसने कैंसिल कर दिया। उसने भी मजे से दलिया खाई। आखिर दिल्लू का मन कैसे बदल गया?

# दिल्लू ने बनाया दलिया

**दा**दी को दम-आलू अच्छा लगता है। पापा को शाही पनीर बहुत पसंद है। मम्मी के लिए राजमा-चावल के आगे सब बेकार। पर दिल्लू को क्या पसंद है...? कुछ नहीं। दाल में मजा नहीं आता। गोभी अजीब लगती है। बैंगन बेकार है। लौकी-कद्दू का तो कोई नाम भी न ले। पालक, परवल, भिंडी कुछ भी अच्छा नहीं लगता।

आज मम्मी को बुखार आ रहा है। सुबह से बिस्तर पर पड़ी हुई हैं। कामवाली बुआ गांव गई हैं। उनकी बेटी की शादी है। पापा ड्यूटी गए हैं। घर पर अकेली दादी हैं। तो फिर खाना कौन बनाएगा? दिल्लू बेफिक्र है। दादी का व्रत है। इसलिए वह सिर्फ फल खाएंगी। फ्रिज में ढेर सारे फल पहले से रखे हैं। अपने लिए वह पिज्जा ऑर्डर कर लेगा। लेकिन मम्मी...? वह क्या खाएंगी? डॉक्टर ने कहा है सिर्फ हल्का-फुल्का खाना दे सकते हैं- जैसे दलिया। 'हां, यही ठीक रहेगा। मम्मी के लिए दलिया बना दूंगा। अपने लिए डबल चीज पिज्जा ऑर्डर कर देता हूं।' दिल्लू ने सोचा। लेकिन दलिया बनाना तो उसे आता नहीं। 'कोई बात नहीं दादी से पूछ लूंगा।' सोचता हुआ दिल्लू किचन में जा पहुंचा। 'सबसे पहले क्या करना होगा...?' उसने दादी को जोर से आवाज लगाते हुए पूछा।

दादी मुश्किल से चलती हुई किचन में आईं। दिल्लू उनके बैठने के लिए कुर्सी ले आया। दादी बैठती हुईं बोलीं,'सबसे पहले एक साफ पैन लेना होगा। फिर चूल्हा जलाना होगा...।' 'उफ, दादी ये सब तो मालूम है। उसके आगे बताइए।' दिल्लू चिढ़कर बोला। 'तो फिर एक कटोरी दलिया लो और पैन में हल्की आंच पर इसे भून लो।' उसके खीझने पर दादी हंसते हुए बोलीं।



दिल्लू दलिया भूनने लगा। बीच-बीच में पूछता, 'अब बस करूं?'

दादी कहतीं, 'थोड़ा और, जब खुशबू आने लगे।' 'अब आगे क्या करना है?' दलिया भूनने के बाद दिल्लू ने पूछा।

दादी ने बताया, 'अब देसी घी की छौंक लगानी है।' 'लेकिन घी कहां रखा है?' दिल्लू ने पूछा। 'ये तो मुझे भी नहीं पता, मम्मी से क्यों नहीं पूछ लेते?' दादी ने कहा। 'श... श... श... उन्हें सरप्राइज देना है।' दिल्लू ने होंठों पर अंगुली रखते हुए कहा। कई मर्तबानों के ढक्कन खोलने के बाद घी मिला। अब लौंग-इलायची ढूंढना इससे भी मुश्किल काम था। पर उसने ढूंढ निकाला। अब जरूरत थी, दूध और शक्कर की। यह ढूंढना थोड़ा आसान था। दिल्लू दलिया बनाने में कसर नहीं छोड़ना चाहता था। ताकि मम्मी को भी पता लगे, वह कितना अच्छा कुक है। अखिरकार दलिया बनकर तैयार हो गया। लेकिन इतने से काम में दिल्लू के पसीने छूट गए। हाथ जलते-जलते बचा और कपड़े भी गंदे हुए, पर वह खुश था।

'थोड़ा ठंडा हो जाने दो, फिर परोस देना।' दादी उसकी पीठ थपथपाती हुई कमरे में चली गईं। मम्मी अभी सो रही थीं। दिल्लू ने सोचा क्यों न दलिया चखकर देखा जाए। पहली बार खुद से कोई चीज बनाई है। पता नहीं कैसा स्वाद हो। मम्मी को अच्छी लगे न लगे। उसने कटोरे में दलिया निकाला। डरते-डरते एक चम्मच मुंह में रखा। स्वाद पाते ही उसका चेहरा खिल उठा। दलिया तो बहुत अच्छा बना था। 'वाह क्या स्वाद है!' एक चम्मच... दो चम्मच... तीन चम्मच... वह खाता ही रहा। 'मम्मी के लिए दोबारा बना लूंगा।' उसने सोचा।

दादी बाथरूम से लौट रही थीं। दिल्लू को देखकर बोलीं, 'तुम तो कहते थे तुम्हें दलिया पसंद नहीं है।' 'पर आज से अच्छा लगने लगा है।' दिल्लू हंसकर बोला।

'लेकिन तुमने पिज्जा ऑर्डर किया था। उसका क्या होगा?' दादी को भी हंसी आ गई। 'वह ऑर्डर तो मैंने कैंसिल कर दिया।' दिल्लू ने कहा और पैन में बचा दलिया कटोरे में उड़ेल लिया। *

## रंग भरो-195

**रंग भरो-195** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





सरस्वती, दिल्ली



वेदिका, कोरबा



डिंपल, दुर्ग



पूर्वी, खैरागढ़



कल्पित, बालोद




श्रुति, भिवानी

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

पयोधि-अंबिकापुर, आन्या-दुर्ग, आदित्य-खैरागढ़, अनुभव-सूरजपुर, चेतन-दुर्ग, धरनी-दुर्ग, प्रतिभा-सारंगढ़ बिलाईगढ़, खुशी-रोहतक, रितेश-मटियारी, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, आकाश-बलौदा बाजार

## रंग भरो 196



बच्चो, यहां एक क्यूट-से पांडा का ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।

# तहसीलदार व नायब तहसीलदार हड़ताल पर, सरल केंद्र रहे खाली



## विद्यार्थियों को नशे व सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया

**बहादुरगढ़।** यातायात बहादुरगढ़ व केएमपी की संयुक्त टीम की ओर से रामा भारती सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में बच्चों को सड़क सुरक्षा, नशा मुक्ति तथा महिला अपराधों के विरुद्ध जागरूक किया गया। मुख्य यातायात निरीक्षक सतीश कुमार ने विद्यार्थियों को यातायात नियमों का पालन करने, हेलमेट व सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग करने की सलाह दी। सतीश कुमार ने कहा कि नशा युवाओं के भविष्य को अंधकार में धकेल देता है। उन्होंने विद्यार्थियों से नशे से दूर रहने और अन्य लोगों को जागरूक करने की अपील की।



## छात्राओं ने वृद्धाश्रम का दौरा कर सेवा की

**बहादुरगढ़।** राजकीय महिला महाविद्यालय बहादुरगढ़ की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के तीसरे दिन स्वयंसेविकाओं ने नशा मुक्ति को लेकर जागरूकता रैली निकाली। इसके उपरांत स्वयंसेविकाओं ने वृद्धाश्रम का भ्रमण किया और उनसे चर्चा की। वीरवार को कैंप की शुरुआत एनएसएस गीत के सामूहिक गायन से हुई। इसके पश्चात डॉ रीना द्वारा योग सत्र का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं को शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के लिए योगाभ्यास किए और स्वस्थ जीवनशैली का महत्व समझा।



## कॅरियर काउंसलिंग में छात्राओं की शंकाओं का समाधान

**झज्जर।** वैदिक गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में छात्राओं के लिए एजुकेशन सेमिनार व कॅरियर काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नौवीं से बारहवीं कक्षा तक की छात्राओं ने भाग लिया। नेक्स्ट एजुकेशन गुरुग्राम से मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित नलिनी अरुयाना ने छात्राओं को विभिन्न कॅरियर विकल्पों, उच्च शिक्षा के अवसर, प्रतियोगी परीक्षा, स्किल डेवलपमेंट, आत्मनिर्भरता तथा भविष्य की योजना बनाने के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने छात्राओं को यह समझाया कि सही मार्गदर्शन, मेहनत और आत्मविश्वास के बल पर कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है।



## भाजपा प्रदेशाध्यक्ष से मिलकर विकास कार्यों पर की चर्चा

**बहादुरगढ़।** भाजपा जिलाध्यक्ष विकास वाल्मीकि व वरिष्ठ नेता दिनेश कौशिक के नेतृत्व में ब्लाक समिति चेयरपर्सन प्रतिनिधि संजय जून ने वीरवार को भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली से मिलकर आशीर्वाद लिया। इस दौरान बहादुरगढ़ क्षेत्र की राजनीति, विकास कार्यों की प्रगति और संगठन की वर्तमान स्थिति को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। इस अवसर पर चेयरमैन विनोद कौशिक, अमित कौशिक, संदीप राठी, हरदेश मान, मुकेश कौशिक व प्रदीप राठी आदि मौजूद रहे।



## विज्ञान क्षेत्र में महिलाओं की भूमिका निर्णायक : डॉ. मोनिका

**बहादुरगढ़।** जसौरखेड़ी के राजकीय कन्या महाविद्यालय में वूमेन सेल के अंतर्गत विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। दोनों व्याख्यानों के दौरान प्राचार्य डॉ संदीप, डॉ पूनम, डॉ सुनील, डॉ सुनील कुमार समेत छात्राएं उपस्थित रही। कार्यक्रम की प्रथम वक्ता के रूप में राजकीय महाविद्यालय बहादुरगढ़ की डॉ. मोनिका ने विज्ञान में महिलाओं के योगदान पर अपने विचार रखे। उन्होंने बताया कि विज्ञान के क्षेत्र में महिलाओं की भूमिका केवल सहायक नहीं, बल्कि निर्णायक रही है। उन्होंने कल्पना चावला, डॉ. टेसी थॉमस, डॉ. रितु करिधाल, डॉ. असीमा चटर्जी सहित अनेक भारतीय महिला वैज्ञानिकों के योगदान पर प्रकाश डाला।



## छात्राओं को दी फाइनेंसियल एजुकेशन संबंधी जानकारी

**झज्जर।** इंदिरा प्रियदर्शिनी महाविद्यालय में दो दिवसीय फाइनेंशियल एजुकेशन फॉर यंग चिल्ड्रन विषय पर वर्कशॉप का आयोजन किया गया। वर्कशॉप सहायक आचार्या अंजलि ने बताया कि वर्कशॉप में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ सिक्योरिटीज मार्केट्स से रामफल पूनिया व उनकी टीम के सदस्यों ने छात्राओं को स्टॉक मार्केट, म्युचुअल फंड, सेल्फ एंप्लॉयमेंट, निवेश आदि विषयों के अलावा निःशुल्क सर्टिफिकेट कोर्सेज बारे विस्तार से जानकारी दी। वर्कशॉप में करियर काउंसलिंग के दौरान छात्राओं की करियर संबंधी शंकाओं का समाधान भी किया गया।



## शिविर की हर शिकायत का शीघ्र निपटारा करें अधिकारी : डीसी

**झज्जर।** वीरवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में आयोजित समाधान शिविर में नागरिकों की विभिन्न समस्याओं की सुनवाई की गई। शिविर के दौरान डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे समाधान शिविर में प्राप्त हर शिकायत का यथाशीघ्र उचित निपटारा सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे समाधान शिविरों की शिकायतों का निपटारा करते समय संबंधित नागरिक से संवाद करें और उन्हें विभाग द्वारा की जा रही कार्यवाही की जानकारी देकर संतुष्ट करें।

## गांव कुंजिया में संदिग्ध परिस्थितियों में युवती की मौत

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव कुंजिया में संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवकी मौत हो गई। मृतका की पहचान करीब 24 वर्षीय मोनिका पुत्री बलबीर के तौर पर हुई है। जानकारी के अनुसार मोनिका शहर के एक निजी अस्पताल में नर्स के रूप में कार्यरत थी। जब वह अपने घर पर थी तो अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई। परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए स्थानीय अस्पताल के शवगृह भिजवाया।



झज्जर। पटवार भवन में कामकाज करते हुए पटवारी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

■ पटवारी व कानूनगो लौटे काम पर दिनभर पटवार भवन में रही भीड़

दो तहसीलदार व एक नायब तहसीलदार को निलंबित किए जाने के विरोध में वीरवार को तहसीलदार व नायब तहसीलदार हड़ताल पर चले गए। इसके कारण तहसीलों में कामकाज प्रभावित रहा और सरल केंद्र में विंडो खाली पड़ी दिखाई दी। हड़ताल के कारण लोगों की रजिस्ट्री नहीं हो पाई। जिसके कारण लोग परेशानी भी दिखाई दिए।

इसके अलावा जिन लोगों ने एफिडेविट पर तहसीलदार और नायब तहसीलदार के हस्ताक्षर करवाने थे, वह भी नहीं हो पाए। लोग दिनभर इंतजार करने के बाद अपने घरों को वापिस लौट गए। उधर, तीन दिवसीय सांकेतिक हड़ताल करने के बाद मांग पूरी होने पर पटवारी और कानूनगो अपनी ड्यूटी पर लौट आए। इसके कारण दिनभर पटवार भवन में लोगों की भीड़ उमड़ी। प्रमाण पत्र बनवाने, कागजात सत्यापन, भूमि पैमाइश, इंतकाल संबंधित कार्य पटवारी करते हुए दिखाई दिए।



झज्जर। लघु सचिवालय परिसर में उपस्थित एचकेआरएनएल कर्मचारी।

## बकाया वेतन व अनुबंध बढ़ाने को लघु सचिवालय पहुंचे एचकेआरएनएल कर्मी

**झज्जर।** हरियाणा कौशल रोजगार निगम लिमिडेट के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत कर्मचारी अनुबंध रिन्यू कराने व चार माह के बकाया वेतन की मांग को लेकर वीरवार को लघु सचिवालय पहुंचे। लघु सचिवालय परिसर में उपस्थित कर्मचारी विजय कुमार ने बताया कि उन्हें न तो पिछले चार माह से वेतन मिला है और न ही उनका अनुबंध बढ़ाया गया है। कई कर्मचारियों के नाम भी पोर्टल से गायब हैं। इसी मांग को लेकर वे आज लघु सचिवालय पहुंचे हैं। इसके बाद उन्होंने जिला प्रशासनिक अधिकारी को डीसी के नाम भेजा गया ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर प्रीतम, कृष्णा, रूकेश, सावन, नरेंद्र, प्रदीप, नरेश, मीना देवी आदि सहित उपस्थित रहे।

डीसी के नाम ज्ञापन सौंपकर समस्या के जल्द समाधान की मांग की

ज्ञापन में लिखा है कि वे पचास से अधिक कर्मचारी कोरोना समय से हेल्थ विभाग में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। उनकी प्रतिनियुक्ति रिन्यू नहीं है फिर भी वे अपना कार्य पूरी निष्ठा से कर रहे हैं। वेतन न मिलने के कारण उन्हें घर चलाने में कठिनाई आ रही है। वे इस संबंध में अपनी समस्या को पिछले माह समाधान शिविर में रख चुके हैं लेकिन कोई समाधान नहीं हो पाया।



झज्जर। सात दिवसीय एनएसएस शिविर के शुभारंभ पर शिक्षकों के साथ उपस्थित स्वयंसेवक। फोटो : हरिभूमि

## राजकीय महाविद्यालय मातनहेल में योग का महत्व समझाया

**झज्जर।** राजकीय महाविद्यालय मातनहेल में वीरवार से सात दिवसीय एनएसएस शिविर की शुरूआत की गई है। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर पिंकी रानी ने बताया कि डॉक्टर देवेंद्र सिंह डूडी ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करते हुए शिविर का शुभारंभ किया। इसके बाद एनएसएस स्वयंसेवकों ने मां सरस्वती वंदना व एनएसएस के लक्ष्य गीत के साथ पहले दिन की शुरूआत की। इस दौरान स्वयंसेवकों को योग के महत्व से अवगत कराते हुए उन्हें विभिन्न योगासनों का अभ्यास कराया गया। शिविर में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित डॉक्टर सविता कुमारी ने एनएसएस के महत्व पर विशेष व्याख्यान दिया। उन्होंने स्वयंसेवकों को एनएसएस के उद्देश्य व कार्यशैली के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। सायंकालीन सत्र में डॉक्टर प्रियंका यादव ने स्वयंसेवकों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए उन्हें किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर कुमारी सोनू रानी, डॉक्टर श्रीओम, डॉक्टर संदीप कुमार, डॉक्टर मंजीत सिंह, डॉक्टर बलराम, डॉक्टर राकेश कुमार सहित अन्य भी उपस्थित रहे।



झज्जर। लघुसचिवायल परिसर में प्रदर्शन करते हुए कांग्रेस कार्यकर्ता।

## मनरेगा का नाम बदलने के विरोध में कांग्रेस नेताओं ने किया प्रदर्शन

**झज्जर।** केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा योजना का नाम बदले जाने के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ता वीरवार को सड़कों पर उतर आए। कांग्रेस कार्यकर्ता जिलाध्यक्ष संजय यादव के नेतृत्व में अनाज मंडी परिसर में एकत्रित हुए और यहां से प्रदर्शन करते हुए लघुसचिवालय परिसर पहुंचे। लघुसचिवालय परिसर में उन्होंने सरकार विरोधी जमकर नारेबाजी की और बाद में एसडीएम को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। जिलाध्यक्ष संजय यादव ने कहा कि मनरेगा का नाम बदलना भाजपा सरकार की छोटी मानसिकता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि मनरेगा का नाम बदला है, जिसमें कोई रोजगार की गारंटी नहीं है। उनकी मांग है कि मनरेगा योजना जो पहले थी उसे दोबारा लागू किया जाए। उनकी यह मांग जब तक पूरी नहीं होगी, तब तक विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा। इस दौरान विक्रम कादियान, ईश्वर वत्स, संतराम नंबरदार, उदयभान पूनिया, वीरेंद्र दरोगा, माया नेहरा, बिजेंद्र कौशिक, विजय वाल्मीकि, प्रवीण गुर्जर सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

■ जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में एसडीएम को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा



झज्जर। व्याख्यान कार्यक्रम में अपनी बात रखते हुए विषय विशेषज्ञ। फोटो : हरिभूमि

## नेहरू कॉलेज में आम बजट पर विद्यार्थियों को किया जागरूक

**झज्जर।** राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्याल के अर्थशास्त्र एवं वाणिज्य विभाग के तत्वावधान में आम बजट 2026–27 के प्रमुख बिंदुओं पर विशेष व्याख्यान सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को केंद्रीय बजट की संरचना, प्राथमिकताओं तथा उसके सामाजिक-आर्थिक प्रभावों से परिचित कराना रहा। वाणिज्य प्राध्यापक डॉक्टर श्रीकृष्ण दूहन ने बजट में उद्योग, व्यापार, कर व्यवस्था तथा रोजगार सृजन से संबंधित प्रावधानों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि यह बजट आत्मनिर्भर भारत की अवधारणा को सुदृढ़ करने के साथ-साथ मध्यम वर्ग एवं युवा वर्ग को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। डॉक्टर मनोज ने विद्यार्थियों को बजट के माध्यम से देश की आर्थिक दिशा को समझने के लिए प्रेरित किया।

## रोहद में फायरिंग की सूचना पर दौड़ी पुलिस, नहीं मिले खोल

**बहादुरगढ़।** गांव रोहद में मकान के बाहर फायरिंग की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। हालांकि मौके से पुलिस को गोलियों के खोल बरामद नहीं हुए। इस संबंध में पुलिस को शिकायत भी दी गई है। मामला जमीनी विवाद के झगड़े से जुड़ा बताया जा रहा है। आसौदा थाना पुलिस ने मामले में छानबीन शुरू कर दी है। यह घटनाक्रम बुधवार देर रात को हुआ। जानकारी के अनुसार, पदम नाम के व्यक्ति ने सूचना दी कि उसके घर के बाहर फायरिंग की गई है। कुणबे में लगते एक शख्स पर यह आरोप लगाया गया। सूचना मिलते ही आसौदा थाना व सीआईए की टीमें मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू की। काफी देर तक जांच के बाद गोली के खोल या सिक्के नहीं मिले तो पुलिस लौट गई। मामले में सामने आया है कि दोनों पक्षों के बीच बुधवार की दोपहर भी झगड़ा हुआ था। तब सुलह हुई लेकिन इसके बाद रात को फायरिंग की सूचना पुलिस को दी गई। वहीं पुलिस की मानें तो मौके पर जाकर गहन जांच की गई लेकिन गोली चलने के साक्ष्य फिलहाल प्राप्त नहीं हुए। आसपड़ोस के लोगों से पूछताछ की तो उन्होंने भी इस तरह की पुष्टि नहीं की है। थाना प्रभारी राजेश कुमार का कहना है कि मामला जमीनी विवाद से जुड़ा है। शिकायत के आधार पर जांच शुरू कर दी गई है।

■ जमीन विवाद में दो पक्षों में चल रहा झगड़ा, पुलिस जांच में जुटी



झज्जर। गांव अच्छेज के जलघर का निरीक्षण करते हुए एसडीएम रेणुका नांदल। फोटो : हरिभूमि

## एसडीएम ने किया जलघर व सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण

**झज्जर।** वीरवार को बेरी एसडीएम रेणुका नांदल द्वारा गांव अच्छेज स्थित जलघर का निरीक्षण करते हुए पेयजल आपूर्ति व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने पब्लिक हेल्थ विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि ग्रामीणों को स्वच्छ और नियमित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। गर्मी में ग्रामीणों को पेयजल की समस्या का सामना करना पड़ता है। उन्होंने जलघर की मशीनरी, पानी की स्टोरेज क्षमता और वितरण व्यवस्था की जानकारी लेते हुए किसी भी प्रकार की तकनीकी खामी को समय रहते दूर करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इसके अलावा उन्होंने अच्छेज से गोधड़ी व छुछकवास तक बन रहे सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण करते हुए गुणवत्ता की जांच की तथा अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए।

## लिलोढ़ विद्यालय आधुनिक फर्नीचर व सुविधाओं से हुआ सुसज्जित

# एपीसीपीएल की पहल से बदली सरकारी स्कूल की तस्वीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने की दिशा में अरावली पावर कंपनी प्राइवेट लिमिटेड ने सराहनीय पहल करते हुए राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लिलोढ़ का कायाकल्प किया है। इस पहले के अंतर्गत विद्यालय की कक्षाओं से लेकर विज्ञान प्रयोगशाला, कंप्यूटर लैब और पुस्तकालय तक को आधुनिक फर्नीचर और सुविधाओं से सुसज्जित किया गया है। वीरवार को आयोजित शुभारंभ कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित कोसली एसडीएम विजय कुमार यादव ने एपीसीपीएल के अपर महाप्रबंधक उमेश कुमार के साथ मिलकर इन सुविधाओं का लोकार्पण किया। कार्यक्रम के दौरान एपीसीपीएल की सीएसआर पहल नन्हे कलाम से जुड़े विद्यार्थियों और उन्हें पढ़ाने वाले शिक्षकों के साथ भी संवाद किया गया। अधिकारियों ने बताया कि यह कार्यक्रम एपीसीपीएल द्वारा सेल्फ रिलायंट इंडिया नामक गैर-सरकारी संस्था के सहयोग से संचालित किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत सरकारी स्कूलों के 10 से 12 वर्ष आयु वर्ग के विद्यार्थियों को स्कूल के बाद अतिरिक्त शैक्षणिक सहयोग दिया जाता है। वर्तमान में 57 विद्यार्थी इस कार्यक्रम से जुड़े हैं, जो कक्षा छठी के लिए जवाहर नवोदय विद्यालय की परीक्षा में भाग ले चुके हैं।



झज्जर। कक्षा में नए फर्नीचर पर बैठे विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### फर्नीचर से सुधरी कक्षाओं की स्थिति

हरियाणा स्कूल लेक्चरर एसोसिएशन के वाइस प्रेजिडेंट रविंद्र यादव ने बताया कि पहले कक्षा में बैठने की व्यवस्था ठीक नहीं थी। अब फर्नीचर और कक्षाओं की स्थिति सुधरने से वे ध्यानपूर्वक पढ़ा पाएंगे। इसी प्रकार ग्यारहवीं कक्षा की छात्रा खुशी ने बताया कि वे अब कुर्सी-मेज पर बैठकर पढ़ेंगे, जिससे उन्हें लिखने में भी आसानी होगी।



## प्रतिभा मंथन से निखर रही विद्यार्थियों की प्रतिभा

**झज्जर।** वीरवार को डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल की अध्यक्षता में प्रतिभा मंथन कार्यक्रम की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिले के स्कूलों में चल रहे इस महत्वपूर्ण शैक्षणिक अभियान की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि प्रतिभा मंथन कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को उनके कौशलऔर क्षमता के अनुरूप सही करियर चुनने के लिए मार्गदर्शन प्रदान करना है। बैठक में बताया गया कि पिछले तीन वर्षों में जिले के 177 स्कूलों को जोड़ा गया है, जबकि 177 स्कूलों के प्रिंसिपल और लगभग 340 शिक्षक सक्रिय रूप से इस पहल में योगदान दे रहे हैं।



## धरोहर सौंपकर विदा हुए दसवीं के विद्यार्थी

**झज्जर।** दुजाना स्थित ब्रिगेडियर रणसिंह पब्लिक स्कूल के नौवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने दसवीं कक्षा की विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया। समारोह में स्कूल निदेशक शमशेर सिंह अहलावत व नंदिता अहलावत ने विशेष रूप से शिरकत की। नौवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों के सम्मान में जहां सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी वहीं आकर्षक शीर्षक से भी नवाजा। दसवीं के विद्यार्थियों ने विद्यालय निदेशक कमांडर बीके शर्मा और प्राचार्या राजवंती अहलावत उपहार प्रदान किया। इस दौरान शत-प्रतिशत उपस्थिति दर्ज करने वाले विद्यार्थी आदित्य, अक्षरा, प्राची व इशिका को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान छात्र भूमिका को गोल्डन गर्ल व वंशिका को डायमंड गर्ल के खिताब से नवाजा गया जबकि इशांत को गोल्ड ब्वाय तथ केशव गुप्ता को डायमंड ब्वाय चुना गया। विद्यालय की परंपरा के अनुसार दसवीं कक्षा की विद्यार्थियों ने नौवीं कक्षा के विद्यार्थियों को प्रकाश पुंज के रूप में अपनी धरोहर सौंपी।



बहादुरगढ़। पोडियम पर विजेता मोहित व अन्य पहलवान। फोटो : हरिभूमि

## पहलवान मोहित ने सितारा ए हिंद खिताब जीता

**बहादुरगढ़।** झज्जर जिले का मोहित पहलवान पंजाब में छाया रहा। शानदार प्रदर्शन करते हुए मोहित उर्फ मिरिंडा पहलवान ने दंगल में सितारा ए हिंद का खिताब अपने नाम किया। उसे गुर्ज और ईनाम राशि से पुरस्कृत किया गया। दरअसल, पंजाब के होशियारपुर जिले में स्थित माहिलपुर में यह दो दिवसीय दंगल आयोजित हुआ था, जिसमें देशभर के नामी, प्रतिभाशाली पहलवानों ने भाग लिया। बुपनिया गांव स्थित जयवीर अखाड़े के पहलवानों ने भी जोर आजमाइश की। पहलवान मोहित ने 70 किलोग्राम भारवर्ग में सितारा ए हिंद खिताब के लिए कुश्तियां लड़ी। तमाम मुकाबले जीतकर खिताब अपने नाम किया। फाइनल में मोहित ने मिर्चपुर एकेडमी के अनुज पहलवान को हराया। वहीं, 85 किलोग्राम भारवर्ग में शेर ए हिंद खिताब के लिए निशांत रुहिल ने दमखम दिखाया। निशांत ने तीसरा स्थान हासिल किया। मोहित उर्फ मिरिंडा गांव रुड़ियावास का रहने वाला है और विश्व तथा एशियन चैंपियन रह चुका है। वहीं रोहद का निशांत भी एशिया मेडलिस्ट है। बीते करीब सात साल से ये जयवीर अखाड़े में अभ्यास करते हैं।



## राज्यपाल ने दीपक सिंह को किया सम्मानित

**झज्जर।** हरियाणा लोक भवन में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में जिले के गांव घाटौली निवासी दीपक सिंह को उत्कृष्ट सामाजिक कार्यों के लिए प्रदेश के राज्यपाल असीम कुमार घोष द्वारा सम्मानित किया गया है। उन्होंने दीपक सिंह को उनकी निस्वार्थ सेवा और उनके कार्यों से समाज से पड़े बड़े प्रभाव के लिए ट्रॉफी, प्रशस्ति पत्र व नकद प्रोत्साहन राशि प्रदान की। उन्होंने कहा कि राष्ट्र निर्माण में दीपक जैसे स्वयंसेवकों का योगदान अतुलनीय है, जो समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को पूरी निष्ठा के साथ निभा रहे हैं। दीपक सिंह ने बताया कि हर सामाजिक कार्य के पीछे उसके माता-पिता का अटूट सहयोग रहा है। यह सम्मान उसके अकेले का नहीं, बल्कि उसके माता-पिता और गुरुजनों के आशीर्वाद का फल है।



## जनता से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता दें अधिकारी : रेणुका

**झज्जर।** एसडीएम रेणुका नांदल ने वीरवार को बेरी स्थित लघु सचिवालय में आयोजित समाधान शिविर में क्षेत्र के लोगों की समस्याएं सुनते हुए अविलंब समाधान के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि लोगों की शिकायतों का निवारण करना ही सरकार व प्रशासन की प्राथमिकता है। समाधान शिविर सरकार और जनता के बीच संवाद को मजबूत करता है। समाधान शिविर में स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार, और सामाजिक कल्याण से संबंधित मुद्दों पर चर्चा भी की गई। शिविर में प्रमुख तौर से प्रॉपर्टी आईडी, परिवार पहचान पत्र, जमीन का पंजीकरण, समाज कल्याण पेंशन, राशन कार्ड आदि शिकायतें पहुंची जिनके निवारण के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए गए।

## एसआईआर के तहत कर्मियों को दिया प्रशिक्षण

**झज्जर।** लघु सचिवालय के संवाद भवन में मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य से जुड़े बीएलओ एवं सुपरवाइजर्स के लिए जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आगामी विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर आयोजित इस प्रशिक्षण का उद्देश्य मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण कार्य को सुव्यवस्थित, पारदर्शी एवं त्रुटिरहित ढंग से संपन्न कराना रहा। स्थानीय विधान सभा 66 के निर्वाचक पंजीयन अधिकारी एसडीएम अंकित कुमार चौकसे की अध्यक्षता में आयोजित इस प्रशिक्षण में निर्वाचन उप तहसीलदार कुलदीप व निर्वाचन कानूनगो मनीष द्वारा पुनरीक्षण प्रक्रिया, निर्धारित दिशा-निर्देशों तथा कार्यप्रणाली बारे विस्तार से जानकारी दी।

**कार्यालय नगर परिषद बहादुरगढ़**
**नोटिस आम जनता**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती सुलोचना देवी पत्नी फूलकंवार, महेंद्र कुमार (पति), राहुल मित्तल (पुत्र), रितीक मित्तल (पुत्र), अक्षत मित्तल (पुत्र) पुत्र/पति/पत्नी लेट सुनीता देवी निवासी नई बस्ती बहादुरगढ़ द्वारा Online NDC Portal पर Property ID No. 3BWTYDP9 वार्ड नम्बर 20/717 कॉलोनी नई बस्ती जो कि नगर परिषद बहादुरगढ़ के प्रॉपर्टी टैक्स रिकॉर्ड में राधा देवी के नाम दर्ज है। सुनीता देवी की मृत्यु उपरांत अब नगर परिषद बहादुरगढ़ के रिकॉर्ड में उक्त आईडी नंबर पर प्रार्थी के द्वारा वसीयत/वारसान प्रमाण पत्र के आधार पर अपना नाम तबदील करवाना चाहते हैं। जिसकी वसीयत/वारसान प्रमाण पत्र तहसीलदार बहादुरगढ़ द्वारा तसदीक की गई है।

अतः आम व खास को इस नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उक्त सम्पति नंबर 3BWTYDP9 वार्ड नम्बर 20/717 कॉलोनी नई बस्ती पर यदि कोई अन्य हकदार है या उक्त सम्पति पर किसी को कोई आपत्ति है तो वह सबूतों सहित इस नोटिस के प्रकाशन के 30 दिन के अंदर अंदर नगर परिषद बहादुरगढ़ कार्यालय में आकर अपना दावा पेश करें। अन्यथा इस नोटिस का समय समाप्त होने पर यह सम्पत्ति नंबर 3BWTYDP9 वर्ग गज प्रार्थी श्रीमती सुलोचना देवी पत्नी फूलकंवार (1/2), महेंद्र कुमार (पति) (1/8), राहुल मित्तल (पुत्र) (1/8), रितीक मित्तल (पुत्र) (1/8), अक्षत मित्तल (पुत्र) (1/8) पुत्र/पति/पत्नी लेट सुनीता देवी के नाम से नगर परिषद बहादुरगढ़ के रिकार्ड में दर्ज कर दी जाएगी, जिसमें नगर परिषद बहादुरगढ़ की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

हस्ता/-कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद बहादुरगढ़।

## खबर संक्षेप

### नौकरी छूटने के कारण युवक ने की आत्महत्या

**झज्जर।** शहर के छावनी मोहल्ला में बार-बार नौकरी छूटने से मानसिक रूप से परेशान एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान करीब 23 वर्षीय कमल पुत्र मुकेश के तौर पर हुई है। मामले के जांच अधिकारी नवीन ने बताया कि कमल गुरुग्राम के मानेसर स्थित एक निजी कंपनी में काम करता था। परिजनों के अनुसार उसकी नौकरी बार-बार छूट जाती थी, जिस कारण वह मानसिक रूप से परेशान था। उसने अपने घर में ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके शव से एक पर्ची भी बरामद हुई है, जिसमें उसने कहा है कि पापा मैं अच्छा बच्चा नहीं हूं। मैं कामयाब नहीं हो पा रहा।

### दुकानदार पर युवतियों को झांसे में लेने के आरोप पर हंगामा

**बहादुरगढ़।** उत्तरप्रदेश मूल के एक युवक पर यहां बहादुरगढ़ में कुछ लोगों ने गंभीर आरोप लगाते हुए उसका घेराव कर दिया। पुलिस के हस्तक्षेप के बाद मामला शांत हो पाया। जानकारी के अनुसार, यूपी मूल के एक युवक ने यहां कमेटी चौक के निकट दुकान कर रखी है। इस युवक पर युवतियों को झांसे में लेने जैसे गंभीर आरोप लगाते हुए काफी लोगों ने वीरवार को उसकी दुकान का घेराव कर दिया। काफी देर तक हंगामा हुआ। इसके बाद पुलिस आई और उस युवक को थाने ले गई। बाद में युवक पर आरोप लगाने वाले लोग भी थाने में पहुंचे और शिकायत दी।

### मकान और दुकान के बाहर से बाइक चोरी

**बहादुरगढ़।** इलाके में दोपहिया वाहनों की चोरी बढ़ रही है। खैरपुर निवासी बिजेंद्र ने कहा है कि उसने दो फरवरी को बाइक अपने मकान के बाहर खड़ी की थी। अगली सुबह देखा तो नहीं मिली। अब तक अपने स्तर पर तलाश करता रहा लेकिन कुछ पता नहीं चला। इस शिकायत पर सदर थाना पुलिस ने केस दर्ज किया है। वहीं, बादली के निवासी अतिन की दुकान के बाहर से भी बाइक चोरी हो गई। बादली पुलिस उसकी शिकायत पर केस दर्ज कर जांच कर रही है।

### त्रिवेणी स्कूल में किया सूर्य नमस्कार

**बहादुरगढ़।** शहर के त्रिवेणी मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्कूल निदेशिका संगीता वर्मा, उपनिदेशिका सुमित्रा महला व प्राचार्य अनिल की उपस्थिति में विद्यार्थियों को नियमित रूप से योग करने, अधिक से अधिक पेड़ लगाने, सात्विक भोजन अपनाने एवं नशा मुक्त हरियाणा की दिशा में योगदान देने के लिए प्रेरित किया।

### गुरु रविदास जयंती के उपलक्ष्य में कार्यक्रम कल

**झज्जर।** दुजाना में शनिवार को संत शिरोमणि गुरु रविदास जयंती के उपलक्ष्य में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी गीतांशु चावला ने बताया कि सामाजिक समरसता और संत रविदास के विचारों को जन जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से किए जा रहे इस कार्यक्रम में पूर्व मंत्री बनवारी लाल मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। भाजपा के प्रदेश सह संयोजक राजकुमार कटारिया, जिला परिषद के चेयरमैन कप्तान बिरधाना, जिलाध्यक्ष विकास वाल्मीकि, संजय कबलाना, राजेश वाल्मीकि, दिनेश कौशिक आदि वक्ता भी मौजूद रहेंगे।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव छारा के नजदीक एक अज्ञात वाहन की टक्कर से एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान क्षेत्र के गांव शेरिया निवासी करीब 23 वर्षीय राहुल पुत्र जोगेंद्र के तौर पर हुई है। राहुल मोटरसाइकिल से रोहतक से अपने गांव शेरिया आ रहा था। जब वह छारा गांव के बाईपास पर पहुंचा तो उसने लघुशंका के लिए मोटरसाइकिल को सड़क किनारे खड़ा कर दिया। जब वह वापिस आ रहा था तो उसे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी।

---

स्टेट इंस्टीट्यूट में स्थापित होगा स्वचालित मौसम केंद्र

# छात्रों को मौसम का ज्ञान और मिलेगी आपदा की जानकारी


झज्जर। साइन किया गया एमओयू दिखाते हुए दोनों संस्थानों के प्रतिनिधि।


बहादुरगढ़। मौसम केंद्र को लेकर दस्तावेजों का आदान-प्रदान करते प्रिंसिपल।

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

चौधरी रणबीर सिंह स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी सिलानी केशो में जल्द ही स्वचालित मौसम केंद्र स्थापित किया जाएगा। इसके लिए भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान, पुणे के साथ एमओयू साइन किया गया है।

संस्थान निदेशक एवं प्राचार्य डॉक्टर शैलेंद्र कुमार व भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान की तरफ से प्रोजेक्ट डायरेक्टर एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉक्टर थारा प्रभाकरन, प्रोजेक्ट इनवेस्टिगेटर व वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉक्टर शिवसाई ने समझौते पर हस्ताक्षर करते हुए समय-समय पर संस्थान के विद्यार्थियों के लिए सेमिनार और ट्रेनिंग सेशन रखने का आश्वासन दिया। प्रोजेक्ट वैज्ञानिक नीतिग सिंह ने समझौते की प्रति संस्थान के निदेशक प्राचार्य डॉक्टर शैलेंद्र कुमार व ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट अधिकारी डॉक्टर कुलवंत खरब को सौंपी। इस मौके पर संस्थान के रजिस्ट्रार डॉक्टर सचिन दहिया व डॉक्टर जगबीर सिंह कादियान सहित अन्य भी उपस्थित रहे। जिले के किसानों को प्राकृतिक आपदा के प्रति समय रहते सचेत भी किया जा सकेगा।

#### छात्रों को लाभ

संस्थान निदेशक एवं प्राचार्य डॉक्टर शैलेद्र कुमार ने कहा कि इस वैज्ञानिक केंद्र से संस्थान के विद्यार्थियों को भविष्य में इंटर्नशिप के लिए मजबूत आधार मिलेगा। इससे शहरी क्षेत्र के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्र के मौसम का अध्ययन आसानी से किया जा सकेगा।

### बादली कॉलेज में स्थापित होगा मौसम केंद्र, किसानों को भी मिलेगा लाभ

**बहादुरगढ़।** बादली के चौधरी धीरपाल राजकीय महाविद्यालय परिसर में जल्द ही एक अत्याधुनिक स्वचालित मौसम केंद्र स्थापित होने जा रहा है। इस परियोजना को लेकर कॉलेज प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इससे अनुसंधान और शिक्षा को बढ़ावा मिलेगा। प्राचार्य मेजर आनंद कादयान ने बताया कि इस केंद्र की स्थापना से भूगोल और पर्यावरण विज्ञान के छात्रों को मौसम की बारीकियों को समझने में बड़ी मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि इस वेदर स्टेशन के आने से छात्र केवल किताबों में ही नहीं, बल्कि लाइव डेटा के माध्यम से मौसम चक्र, तापमान और वर्षा की गणना करना सीख सकेंगे। यह केंद्र केवल शैक्षणिक उद्देश्य तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इससे प्राप्त सटीक डेटा आसपास के क्षेत्र के किसानों को फसल प्रबंधन में भी सहायता प्रदान करेगा। यह केंद्र पूरी तरह से डिजिटल होगा जो पल-पल की मौसम संबंधी जानकारी अपडेट करेगा।

### जींद-दिल्ली रूट की दो सवारी गाड़ी फिर चलेंगी

- कोहरे के चलते रद्द की गई थीं, दैनिक यात्रियों को होगा फायदा

**बहादुरगढ़।** जींद-दिल्ली के बीच कोहरे के चलते रद्द चल रही दो महत्वपूर्ण सवारी गाड़ियां अब दोबारा पटरी पर लौट आई हैं। रेलवे द्वारा जारी सर्कुलर के अनुसार गाड़ी संख्या 54034 जींद-दिल्ली सवारी गाड़ी का संचालन पांच फरवरी को कर दिया गया, जबकि गाड़ी संख्या 54031 दिल्ली-जींद सवारी गाड़ी छह फरवरी को दौड़ेगी। गाड़ी संख्या-54034 का बहादुरगढ़ रेलवे स्टेशन पर आगमन समय शाम पांच बजकर 55 मिनट निर्धारित है, जिससे शाम के समय दिल्ली की ओर जाने वाले यात्रियों को काफी सुविधा मिलेगी। वहीं दिल्ली से जींद जाने वाली गाड़ी संख्या-54031 का बहादुरगढ़ स्टेशन पर आगमन समय दोपहर 12 बजकर 46 मिनट बजे रहेगा, जिससे इस रूट पर प्रतिदिन आवागमन करने वाले कर्मचारियों, विद्यार्थियों और अन्य यात्रियों को विशेष लाभ मिलेगा। दैनिक यात्री सतपाल हाड़ा ने बताया कि घनी धुंध के कारण सुरक्षा कारणों से इन दोनों गाड़ियों को एक दिसंबर 2025 से 28 फरवरी 2026 तक रद्द कर दिया था। इसके चलते दैनिक यात्रियों को वैकल्पिक साधनों से यात्रा करनी पड़ रही थी और उन्हें अतिरिक्त समय व खर्च का सामना करना पड़ रहा था। अब दोनों गाड़ियों का संचालन पुनः शुरू होने से बहादुरगढ़, झज्जर, जींद तथा दिल्ली के बीच यात्रा करने वाले हजारों यात्रियों को बड़ी राहत मिली है।

## बेटी के जन्मदिन पर सांखोल के सरकारी स्कूल में दिया दान


बहादुरगढ़। सरकारी स्कूल में शिक्षकों व छात्रों के साथ मायरा। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

गांव सांखोल के निवासी एवं संघर्षशील जनकल्याण सेवा समिति के सदस्य मनीष चाहार ने अपनी बड़ी बेटी मायरा के जन्मदिन को सामाजिक सरोकार से जोड़ते हुए प्रेरणादायक पहल की। उन्होंने गांव के राजकीय प्राथमिक विद्यालय में स्वच्छता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से डस्टबिन तथा सहयोग राशि भेंट की। केंद्रीय विद्यालय में शिक्षक मनीष चाहार ने कहा कि बच्चों को जागरूक करना जरूरी है।

## भाजपाइयों ने फूंका राहुल का पुतला

- केंद्रीय मंत्री सरदार रवनीत सिंह बिट्टू को राहुल गांधी द्वारा गद्दार दोस्त कहे जाने से भाजपाइयों में जबरदस्त नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़


बहादुरगढ़। सेक्टर-2 में राहुल गांधी का पुतला फूंकते भाजपाई। फोटो: हरिभूमि

वीरवार को भाजपा के आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का पुतला फूंका। संसद परिसर में केंद्रीय मंत्री सरदार रवनीत सिंह बिट्टू को राहुल गांधी द्वारा गद्दार दोस्त कहे जाने से भाजपाइयों में जबरदस्त नाराजगी दिखी। प्रदर्शन के दौरान राहुल गांधी के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की गई और कार्यकर्ताओं ने माफी नहीं मांगे जाने पर देशव्यापी आंदोलन की चेतावनी दी। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष विकास वाल्मीकि, भाजपा नेता दिनेश कौशिक, पूर्व चेयरमैन कर्मवीर राठी, मार्केट कमेटी चेयरमैन विनोद कौशिक, प्रदीप गुप्ता, संजय जून, हरवेश मान, अमित कौशिक, विकास काजला, रमेश आर्य, मनोज राठी, सुदेश रंगा, संजय सैनी, रणजीत दहिया आदि मौजूद रहे। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि राहुल गांधी का यह बयान उनकी हताशा और राजनीतिक कुंठा का परिणाम है। कांग्रेस पूरी तरह दिशाहीन हो चुकी है और अनर्गल आरोप लगा रही है।

## डीटीपी ने रुकवाया अवैध निर्माण

- सात दिनों के भीतर कार्यालय में उपस्थित होकर स्थिति स्पष्ट करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़


बहादुरगढ़। निर्माण रुकवाने के साथ मौके पर चस्पा किया गया नोटिस।

जिला नगर योजनाकार ने झज्जर रोड पर गांव नूना माजरा के रकबे में किए गए अवैध निर्माण को लेकर कड़ी कार्रवाई करते हुए संबंधित व्यक्ति को शो-कॉज नोटिस जारी किया है। यह नोटिस हरियाणा शेड्यूल्ड रोड्स एंड कंट्रोल्ड एरिया अधिनियम, 1963 के तहत जारी किया गया है। साथ ही नियमों की अवहेलना कर किया जा रहा निर्माण रुकवा दिया। इस नोटिस के अनुसार, संबंधित व्यक्ति द्वारा उस भूमि पर औद्योगिक भवन स्थापित करने के लिए चेंज ऑफ लैंड यूज की अनुमति तो ली गई थी, लेकिन अब तक भवन का ऑक्यूपेशन सर्टिफिकेट प्राप्त नहीं किया गया।

#### सीएलयू अनुमति निरस्त मानी गई

मौके पर स्वीकृत भवन योजना व स्वामित्व में सक्षम प्राधिकारी की अनुमति के बिना परिवर्तन किए गए, जिसके चलते सीएलयू अनुमति स्वतः ही निरस्त मानी गई है। बता दें कि झज्जर रोड पर बाईपास के निकट हो रहे इस निर्माण में रोड वाइडनिंग, ग्रीन बेल्ट और सरकारी धाने की जमीन पर अतिक्रमण किया जा रहा था। इस कारण डीटीपी ने निर्माण रुकवा दिया।

### दौड़ में मुस्कान और भारती रही अव्वल


बहादुरगढ़। प्रतियोगिता में भाग लेतीं महिलाएं। फोटो: हरिभूमि

**बहादुरगढ़।** वीरवार को बहादुरगढ़ में महिलाओं के लिए खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसे 18 से 30 वर्ष तथा 30 वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं के 2 वर्गों में विभाजित किया गया। शहरी वर्ग की 300 मीटर दौड़ में मुस्कान प्रथम, शीतल द्वितीय और अस्मिता तृतीय रही। जबकि 400 मीटर दौड़ में भारती, अर्चना और निशा विजेता रहीं। ग्रामीण वर्ग-2 में म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता में पूनम प्रथम, कमलेश द्वितीय व कृष्णा ने तृतीय रही। वहीं 100 मीटर रेस में कविता प्रथम, दर्शन द्वितीय व बबीता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सीडीपीओ प्रियंका ने सभी विजेताओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

अंडर-21 व सीनियर हरियाणा कराटे टीम का चयन

## खुशी, सत्यप्रकाश और ऋषभ कराटे में पेश करेंगे प्रदेश की ओर से चुनौती

14 जिलों के खिलाड़ियों ने दिखाया दम, दिल्ली में 27 से होगी चैंपियनशिप

- इंडियन फाइटर्स क्लब में हुआ प्रतियोगिता के लिए चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। चयनित व प्रतिभागी खिलाड़ियों के साथ आयोजक व अतिथि।

शहर के इंडियन फाइटर्स क्लब में अंडर-21 और सीनियर वर्ग की हरियाणा कराटे टीम का चयन किया गया। इसमें हरियाणा के 14 जिलों के खिलाड़ियों ने भाग लिया और चयनकर्ताओं का ध्यान आकर्षित किया। चयनित खिलाड़ी अब दिल्ली में 27 फरवरी से 1 मार्च तक होने वाली नेशनल कराटे चैंपियनशिप में हरियाणा का प्रतिनिधित्व करेंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कराटे इंडिया ऑर्गेनाइजेशन के अध्यक्ष भरत शर्मा व चेयरपर्सन सरोज राठी ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें नेशनल स्तर पर बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। अंडर-21 आयु वर्ग के काता इवेंट में साबिर गुरुग्राम, खुशी झज्जर, 55 किलो में सत्यप्रकाश झज्जर, 60 किलो में ऋषभ राठी झज्जर, 67 किलो में गजेश भिवानी, 75 किलो में आदित्य जींद, 84 किलो में कैलाश झज्जर व 84 प्लस किलो में प्रिंस नैन जींद और लड़कियों के 50 किलो में खुशबू गुरुग्राम, 55 में साक्षी वशिष्ट फ़रीदाबाद, 61 किलो में पायल कैथल का चयन हुआ। सीनियर वर्ग के काता इवेंट में अर्जुन नाथ भिवानी व निकिता जींद चुने गए। जबकि 55 किलो में सत्यप्रकाश झज्जर, 60 में अक्षय दादरी, 67 में सचिन कैथल, 75 में आदित्य जींद, 84 में विक्रांत झज्जर और 84 प्लस में सुधीर सहरावत झज्जर का चयन हुआ।

#### कैथल की रीतू सैनी रही प्रथम

लड़कियों के 50 किलो में रीतू सैनी कैथल, 55 में अलीशा कैथल, 61 में पायल झज्जर, 68 में ज्योति कैथल और 68 प्लस में सीमा झज्जर का चयन किया गया। यूनाइटेड कराटे एसोसिएशन के प्रेसिडेंट रजनीश चौधरी ने बताया कि यह चयन प्रतियोगिता पूरी तरह पारदर्शी तरीके से कराई गई। खिलाड़ियों की तकनीक, फिटनेस और फाइटिंग स्किल्स को ध्यान में रखते हुए टीम का चयन किया गया। चयन प्रक्रिया के दौरान रेफरी की भूमिका में सुमित छिल्लर, राजू किडवाल, ईशान, बलराम, सरजीत व चमन लाल ने अहम योगदान दिया। वहीं हरियाणा टीम के कोच विकेश तंवर और मैनेजर जगदीश ने चयनित खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## न्यूज डायरी



### दिल्ली पुलिस के एएसआई पंचतत्व में विलीन

**झज्जर।** पिछले कुछ समय से रोहतक पीजीआई में उपचाराधीन अच्छेज निवासी एएसआई अशोक सोलंकी पंचतत्व में विलीन हो गए। वे दिल्ली पुलिस में सेवारत थे। दिवंगत एएसआई अशोक सोलंकी को उनके पैतृक गांव में अंतिम विदाई दी गई। उनके पुत्र लेफ्टिनेंट विपुल सोलंकी ने अपने पिता के पार्थिव शरीर को मुखाग्नि दी। इस दौरान दिल्ली पुलिस के जवानों ने अपने साथी को अंतिम सलाम किया। सैनिक परिवार से जुड़े अशोक सोलंकी की दिल्ली पुलिस में उल्लेखनीय सेवा देने वाले अधिकारियों में गिनती होती थी। पारिवारिक संस्कारों को आगे बढ़ाते हुए उन्होंने अपने इकलौते बेटे को देश सेवा के लिए भारतीय सेना में भेजा। इस मौके पर उनके भाई विंग कमांडर प्रमोद सोलंकी, अजय सोलंकी, प्रदेश कांग्रेस समिति सदस्य प्रमोद सहवाग, जोगिंद्र सहवाग, सरपंच राजेंद्र सोलंकी सहित अन्य भी उपस्थित रहे।



### अफसर बनने पर निकिता का किया सम्मान

**बहादुरगढ़।** शास्त्री नगर निवासी निकिता रावत का चयन सेंट्रल बोर्ड ऑफ डायरेक्ट टेक्सेस में होने पर भाजपा नेता जसबीर सैनी ने उन्हें सम्मानित किया। इस उपलब्धि पर सैनी ने उनके माता-पिता व परिजनों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि अन्य बेटियां भी निकिता का अनुसरण करते हुए पढ़ाई पर अपना ध्यान केंद्रित करें। इस अवसर पर रोहित सैनी, राजबीर, बिजेंद्र कुमार, हरिराम शर्मा व नितिन आदि मौजूद रहे।



### कोबी ने लगाया कैंप, 100 का जांचा स्वास्थ्य

**बहादुरगढ़।** कॉन्फेडरेशन ऑफ बहादुरगढ़ इंडस्ट्रीज ने भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी के सहयोग से निःशुल्क साप्ताहिक स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। गणपति धाम स्थित रिशा कंट्रोल इंजीनियर्स प्राइवेट लिमिटेड में छठा कैंप लगा। आयोजन में अशोक कुमार खट्टर ने सहयोग किया। शिविर में 100 से अधिक कर्मचारियों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। कैंप में कांता देवी जय प्रकाश जैन ट्रस्ट ने भी योगदान किया। इस मौके पर अनिल गोयल, विकास गुप्ता, कंचन कुमार और प्रोजेक्ट मैनेजर सुदेश आदि उपस्थित रहे।



### विजेता ग्राहकों को किया पुरस्कृत

**बहादुरगढ़।** भारत पेट्रोलियम द्वारा ग्राहकों के लिए शुरू की गई विशेष ग्राहक इनामी योजना के अंतर्गत लक्की विजेताओं को यादव फिलिंग स्टेशन पर पुरस्कार वितरित किए गए। शेखर यादव ने विजेता ग्राहकों को इलेक्ट्रिक प्रेस, इलेक्ट्रिक केटल, लंच बॉक्स आदि पुरस्कार प्रदान किए।



### गड्ढों के साथ स्वागत कर रहा छोटूराम द्वार

**बहादुरगढ़।** विकास के दावों के बीच शहर में कई जगहों पर जलभराव व गड्ढों की समस्या बनी हुई है। शहर के सेक्टर-2 में भी ऐसे ही हालात हैं। यहां दीनबंधु सर छोटूराम द्वार पर गड्ढों से लोगों का स्वागत हो रहा है। पिछले लंबे समय से यह समस्या गहराई हुई है। द्वार में प्रवेश करते ही एक ही जगह पर छोटे व बड़े कई गड्ढे हैं, जिनमें पानी भरा हुआ है। यहां से आने जाने में वाहन चालकों को दिक्कतें होती हैं। वाहनों के क्षतिग्रस्त तथा दोपहिया चालकों के दुर्घटनाग्रस्त होने की आशंका बनी हुई है। मनोज कुमार ने बताया कि काफी समय से यह समस्या गहराई हुई है, लेकिन इस तरफ किसी का ध्यान नहीं है। बरसात में तो यहां हालात अत्याधिक गंभीर हो जाते हैं। सत्ता से जुड़े कई लोग यहां से गुजरते हैं। इसके बावजूद इसका समाधान कराने में कोई रुचि नहीं ले रहा। प्रशासनिक अधिकारी इस तरफ ध्यान देकर गड्ढों को भरवाएं ताकि लोगों को आने जाने में सहुलियत हो।

### कार की टक्कर से बाइक सवार चचेरे भाई घायल

**बहादुरगढ़।** बादली में तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से बाइक सवार दो चचेरे भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। एक का हाथ टूट गया तो दूसरा आईसीयू में है। शिकायत के आधार पर बादली थाना पुलिस ने कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घायलों की पहचपान ध्रुव व आयुष के रूप में हुई है। ये दोनों चचेरे भाई गांव बुपनिया के रहने वाले हैं। ध्रुव का कहना है कि वे दोनों पाहसोर इंडोस्पेस में काम करते हैं। बुधवार की रात ड्यूटी पूरी होने के बाद बाइक पर सवार होकर अपने घर जा रहे थे। रात करीब 11 बजे बादली गोल चक्कर के पास पहुंचे तो बिना नंबर की एक सफेद कार ने टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। टक्कर लगने पर हम दूर जा गिरे। हमें काफी चोट आई। राहगीरों ने संभाला और बादली के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराए, जहां से पीजीआई रोहतक रेफर कर दिए। हादसे में मेरे हाथ में फ्रेक्चर आया है। आयुष की हालत नाजुक है और वह आईसीयू में भर्ती है।